Q.65 एक साइकिल चालक 3 घंटे में 120 km की दूरी तय करता है, 1 घंटे विश्राम करता है, और फिर 2 घंटे में 80 km की अतिरिक्त दूरी तय करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए साइकिल चालक की औसत चाल निर्धारित करने हेतु, निम्नलिखित में से किन राशियों का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans
✓ 1. तय की गई कुल दूरी / कुल समय
✗ 2. कुल विस्थापन / कुल समय
✗ 3. एक निश्चित दिशा में तय दूरी / समय
✗ 4. वेग में परिवर्तन / कुल समय

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.66 आधार के समानांतर एक समतल, 40 cm ऊंचाई वाले शंकु को दो भागों में विभाजित करता है। यदि बने हुए छोटे ऊपरी शंकु का आयतन, मूल शंकु के आयतन का 1/64 है, तो शंकु के आधार से समतल की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 10 cm
✓ 2. 30 cm
✗ 3. 40 cm
✗ 4. 20 cm

Q.67 अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, औद्योगिक कार्यस्थलों में आपातकालीन निकास संकेतों के साथ सार्वभौमिक रूप से कौन-सा रंग जुड़ा हुआ है?

Ans
✗ 1. लाल पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✗ 2. पीली पृष्ठभूमि पर काले टेक्स्ट या प्रतीक
✗ 3. नीली पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✓ 4. हरी पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक

Q.68 एक प्रश्न और उसके बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 छड़ों, B, U, N, M और D में से, जहाँ सभी की लंबाई अलग-अलग है, सबसे छोटी छड़ कौन-सी है?
(I) D, U से छोटी है। M, B से छोटी है।
(II) M, D से बड़ी है।

Ans
✗ 1. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✓ 2. कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✗ 3. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✗ 4. कथन I और II एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.69 चीनी की कीमत में 20% की वृद्धि हुई है। मनोज अपनी आय से चीनी पर होने वाले व्यय में केवल 15% की वृद्धि कर सकता है। अपने व्यय को संतुलित करने के लिए, उसे चीनी की खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी चाहिए?

Ans
✗ 1. $5\frac{1}{3}\%$
✓ 2. $4\frac{1}{6}\%$
✗ 3. 6.5%
✗ 4. 5%

Q.70 एक व्यापारी ₹2,750 में एक मेज खरीदता है। वह पहले उस पर 28% की वृद्धि करके मूल्य अंकित करता है, फिर ग्राहक को 12% की छूट देता है। यदि ग्राहक विक्रय मूल्य पर 5% GST का भी भुगतान करता है, तो व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ प्रतिशत (GST को छोड़कर) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 10.36 %
✗ 2. 15.12 %
✓ 3. 12.64 %
✗ 4. 13.81 %

Q.71 संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, सह-अभाज्य है?

Ans
✗ 1. (21, 33)
✓ 2. (17, 54)
✗ 3. (28, 49)
✗ 4. (14, 28)

Q.72 एक साइकिल सवार 60 मीटर उत्तर की ओर, फिर 80 मीटर दक्षिण की ओर और अंत में 70 मीटर उत्तर की ओर साइकिल चलाता है। साइकिल सवार द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?

Ans
✗ 1. 10 मीटर
✓ 2. 210 मीटर
✗ 3. 60 मीटर
✗ 4. 150 मीटर

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.73 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 1730 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 13 का संबंध 2199 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 11 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ 1. 1433
✗ 2. 1443
✓ 3. 1333
✗ 4. 1543

Q.74 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी रग, पंखे हैं।
कोई भी पंखा, कार नहीं है।

निष्कर्ष (I) : कुछ रग, कारें हैं।
निष्कर्ष (II) : कुछ पंखें, रग हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, वाहन में चालमापी के कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. यह वाहन द्वारा तय की गई कुल दूरी को मापता है
✓ 2. यह उस वर्तमान चाल को प्रदर्शित करता है जिस पर वाहन गतिमान है
✗ 3. यह वाहन की चाल में परिवर्तन की दर को दर्शाता है
✗ 4. यह यात्रा के लिए औसत चाल की गणना करता है

Q.76 ₹5,70,000 की धनराशि पर 10% वार्षिक ब्याज दर से 1.5 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए, जहां ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans
✗ 1. ₹92,846.25
✓ 2. ₹89,846.25
✗ 3. ₹88,846.25
✗ 4. ₹89,946.25

Q.77 सात बक्से S, T, U, V, W, X और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। U को ऊपर से ठीक तीसरे स्थान पर रखा गया है। U और T के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। W को T के ठीक ऊपर रखा गया है। X और S के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। V को Y के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। U और S के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। ऊपर से दूसरे स्थान पर कौन-सा बक्सा रखा गया है?

Ans
✗ 1. T
✓ 2. X
✗ 3. U
✗ 4. V

Q.78 कामगारों को संभावित खतरों से सचेत करने के लिए चेतावनी संकेतों में मुख्य रूप से किस रंग का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. नीले पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✗ 2. हरे पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✓ 3. पीले पृष्ठ पर काले प्रतीक या टेक्स्ट
✗ 4. लाल पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.79 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'सतीश + दीप × पीयूष – हितेश % मयंक' है, तो सतीश का मयंक से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता के भाई की पत्नी की बहन
✗ 2. माता के भाई की पत्नी की बहन
✓ 3. पिता के भाई की पत्नी की माता
✗ 4. माता के भाई की पत्नी की माता

Q.80 एक 42-लीटर विलयन में चीनी और पानी का अनुपात 2 : 5 है। यदि वाष्पीकरण के कारण विलयन का आयतन 35% कम हो जाता है और केवल पानी वाष्पित होता है, तो चीनी और पानी का नया अनुपात कितना होगा?

Ans
✗ 1. 51 : 42
✓ 2. 40 : 51
✗ 3. 31 : 50
✗ 4. 40 : 41

Q.81 एक क्रेन 200 kg के लोड को 10 सेकंड में 15 मीटर की ऊंचाई तक उठाती है। गुरुत्वीय त्वरण को 10 m/s^2 और ऊर्जा हानि को नगण्य मानते हुए, इस क्रिया के दौरान क्रेन का शक्ति आउटपुट कितना होगा?

Ans
✗ 1. 2000 W
✗ 2. 1500 W
✗ 3. 1000 W
✓ 4. 3000 W

Q.82 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ZOT - TLP
NIL - HFH

Ans
✗ 1. VZZ - BCD
✗ 2. ABD - VZZ
✓ 3. BCD - VZZ
✗ 4. BOC - VZT

Q.83 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। T और P के बीच ठीक दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल Q को U के ऊपर रखा गया है। P के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। S को W के नीचे लेकिन V के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को V के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✗ 1. T
✗ 2. P
✗ 3. S
✓ 4. W

Q.84 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, WAN की विशेषता का सही वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. WAN, 1 से 2km के रेडियस में डिवाइस को कनेक्ट करने तक ही सीमित हैं
✗ 2. WAN सामान्यतः दूरस्थ LAN को कनेक्ट करने के लिए केवल वायरलेस मीडिया का उपयोग करते हैं
✓ 3. WAN को वायर्ड या वायरलेस लिंक के माध्यम से अनेक LAN को कनेक्ट करके बनाया जा सकता है
✗ 4. WAN हमेशा पब्लिक नेटवर्क होते हैं जिन्हें केवल इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (ISP) मैनेज करते हैं

Q.85 व्यावसायिक सुरक्षा में शब्द 'HAZOP' का पूर्ण रूप क्या होता है?

Ans
✗ 1. Hazardous Operation Standard (हैज़र्डस ऑपरेशन स्टैंडर्ड)
✓ 2. Hazard and Operability Study (हैज़र्ड एंड ऑपरेबिलिटी स्टडी)
✗ 3. Hazardous Operations Safety (हैज़र्डस ऑपरेशन्स सेफ़्टी)
✗ 4. Handling and Organizing Safety (हैंडलिंग एंड ऑर्गेनाइजिंग सेफ्टी)

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.86 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans ✓ 1. IT – KV
✗ 2. DG – EH
✗ 3. KE – LF
✗ 4. SJ – TK

Q.87 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
11, 22, 44, 88, 176, ?

Ans ✗ 1. 342
✓ 2. 352
✗ 3. 358
✗ 4. 356

Q.88 एक ठोस लंब वृत्तीय शंकु 7 cm ऊँचा है, तथा इसके आधार की त्रिज्या 22.2 cm है। इसे पिघलाकर एक लंब वृत्तीय शंकु बनाया जाता है, जिसकी आधार त्रिज्या 3.7 cm है। तब शंकु की ऊँचाई (cm में) ______ है।

Ans ✗ 1. 159
✗ 2. 267
✓ 3. 252
✗ 4. 185

Q.89 एक वस्तु ₹300 में खरीदी जाती है और उसका मूल्य 5.5% बढ़ा दिया जाता है। तत्पश्चात, परिणामी मूल्य में 8% की कमी कर दी जाती है। अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. ₹288.24
✓ 2. ₹291.18
✗ 3. ₹284.45
✗ 4. ₹296.46

Q.90 एक तकनीशियन को रूम हीटर के लिए फ्यूज तार का चयन करना है। विद्युत धारा के तापन प्रभाव के आधार पर सुरक्षा के लिए किस गुणधर्म को सबसे महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए?

Ans ✗ 1. फ्यूज तार के चिरस्थायित्व के लिए उच्च गलनांक होना चाहिए।
✓ 2. अतिरिक्त धारा के दौरान परिपथ को विच्छेदित करने के लिए फ्यूज तार का गलनांक निम्न होना चाहिए।
✗ 3. दक्ष शीतलन के लिए फ्यूज तार का पृष्ठ चमकदार होना चाहिए।
✗ 4. पिघलने से रोकने के लिए फ्यूज तार को उच्च प्रतिरोध वाला और मोटा होना चाहिए।

Q.91 परिसीमित (confined) स्थानों में वायु में तैरते रासायनिक कणों से जुड़े कार्यों के लिए किस प्रकार के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सर्वाधिक उपयुक्त होते हैं?

Ans ✗ 1. रसायन-रोधी दस्तानों का उपयोग करके हाथों की सुरक्षा
✓ 2. श्वसन सुरक्षा उपकरण जैसे कि हाफ-फेस मास्क
✗ 3. औद्योगिक-ग्रेड हार्ड हैट के साथ सिर की सुरक्षा
✗ 4. ज्वाला-मंदक सूट के साथ शारीरिक सुरक्षा

Q.92 एक व्यक्ति के वेतन में तीन क्रमागत वर्षों में क्रमशः 10%, 20% और 25% की वृद्धि होती है। तीसरे वर्ष के अंत में, वेतन में कुल प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. 50%
✓ 2. 65%
✗ 3. 60%
✗ 4. 30%

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.93 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकार आगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(**नोट**: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

6 – 16 – 23 – 32; 7 – 19 – 26 – 35

Ans
✓ 1. 12 – 34 – 41 – 50
✗ 2. 8 – 22 – 15 – 24
✗ 3. 11 – 31 – 38 – 29
✗ 4. 4 – 14 – 21 – 30

Q.94 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त त्रिभुज का सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. त्रिभुज की सभी भुजाओं की लंबाई सदैव बराबर होनी चाहिए।
✗ 2. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसकी तीनों भुजाएँ वक्रित होती हैं।
✗ 3. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें चार सीधी भुजाएँ और चार कोण होते हैं।
✓ 4. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें तीन सीधी भुजाएँ और तीन कोण होते हैं।

Q.95 कम्प्यूटिंग में CPU का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
✗ 1. Computer Processing Unit (कंप्यूटर प्रोसेसिंग यूनिट)
✓ 2. Central Processing Unit (सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट)
✗ 3. Control Processing Unit (कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट)
✗ 4. Core Processing Unit (कोर प्रोसेसिंग यूनिट)

Q.96 किसी तार में एक निश्चित समय तक विद्युत धारा प्रवाहित होने पर उसमें उत्पन्न ऊष्मा की मात्रा में कौन-सा कारक वृद्धि करता है?

Ans
✓ 1. तार के प्रतिरोध में वृद्धि करना
✗ 2. तार में धारा को कम करना
✗ 3. तार की लंबाई कम करना
✗ 4. तार को मोटा बनाना

Q.97 निम्नलिखित में कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में सम्मुख दृश्य (front view) का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✓ 1. यह सामने से देखने पर वस्तु की ऊंचाई और चौड़ाई को दर्शाता है
✗ 2. यह वस्तु का केवल निचले या दाएं पार्श्व को दर्शाता है
✗ 3. यह वस्तु की केवल एक विमा को दर्शाता है
✗ 4. यह पार्श्व से देखने पर वस्तु की गभीरता और ऊंचाई को दर्शाता है

Q.98 कुछ रासायनिक प्रशीतक-द्रव्यों को प्रतिबंधित करने से ओजोन परत को होने वाली क्षति में प्रभावी रूप से कमी क्यों आती है?

Ans
✗ 1. प्रशीतक-द्रव्यों में ऐसे कण होते हैं जो हानिकारक UV प्रकाश को अवशोषित करते हैं।
✓ 2. प्रशीतक-द्रव्य ऐसे पदार्थ मुक्त करते हैं जो ओजोन विघटन को उत्प्रेरित करते हैं।
✗ 3. प्रशीतक-द्रव्य, ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित करते हैं जो समतापमंडल को गर्म करती हैं।
✗ 4. प्रशीतक-द्रव्य, ऑक्सीजन उत्पादन को बढ़ाते हैं, जिससे ओजोन पुनःप्राप्ति में सहायता मिलती है।

Q.99 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 2 7 20 61 ?

Ans
✗ 1. 181
✓ 2. 182
✗ 3. 183
✗ 4. 185

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.100 मान लीजिए C एक वृत्त है, तथा AB और DE वृत्त C पर दो जीवाएँ इस प्रकार हैं कि AB = BE है। चतुर्भुज ABED में, मान लीजिए AE और BD, F पर प्रतिच्छेद करते हैं, ∠DBE = 55° और ∠BAE = 40° है। ∠FED ज्ञात कीजिए।

Ans ✓ 1. 45°
✗ 2. 60°
✗ 3. 55°
✗ 4. 110°

Section : Part B (Mechanic Motor Vehicle)

Q.101 यदि किसी ऑटोमोबाइल ऑल्टरनेटर (automobile alternator) में एक दिष्टकारी डायोड, विवृत परिपथित हो जाता है, तो बैटरी आवेशन पर सबसे अधिक संभावित प्रभाव क्या होगा?

Ans ✗ 1. प्रज्वलन तंत्र वोल्टता स्वचालित रूप से पूरी तरह स्थिरीकृत हो जाती है
✓ 2. बैटरी आवेशन धारा कम हो जाती है और AC ऊर्मिका बढ़ जाती है
✗ 3. बैटरी आउटपुट में बिना किसी परिवर्तन के सुचारू DC आवेशन प्राप्त करती है।
✗ 4. ऑल्टरनेटर बिना किसी यांत्रिक प्रभाव के केवल AC आउटपुट उत्पन्न करता है

Q.102 डीजल इंजन असेंबली के दौरान सिलेंडर हेड बोल्ट को कसने के लिए सामान्यतः किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

Ans ✗ 1. सॉफ्ट मैलेट, सिलिंडर हेड बोल्ट को कसने में सबसे उपयुक्त होता है।
✗ 2. कॉम्बिनेशन स्पैनर का उपयोग सिलिंडर हेड बोल्ट के लिए किया जाता है।
✓ 3. टॉर्क रिंच का उपयोग सिलिंडर हेड बोल्ट को कसने के लिए किया जाता है
✗ 4. समायोज्य रिंच सभी प्रकार के बोल्ट कसने के लिए सर्वोत्तम होता है।

Q.103 निम्नलिखित में से कौन-सी ECU-नियंत्रित विशेषता, इंजन में इनटेक वायु मार्ग को समायोजित करती है?

Ans ✗ 1. निष्क्रिय चाल नियंत्रण
✗ 2. वायु : ईंधन अनुपात
✗ 3. वाष्पशील उत्सर्जन पात्र
✓ 4. परिवर्ती इनटेक मैनिफोल्ड

Q.104 यदि वर्कशॉप के फर्श पर गलती से ईंधन गिर जाए, तो सबसे पहले क्या कार्रवाई करनी चाहिए?

Ans ✗ 1. वायु परिसंचरण को बेहतर बनाने के लिए ईंधन के डिब्बे खोलना
✓ 2. अवशोषक सामग्री अप्लाई करना और क्षेत्र की सफाई करना
✗ 3. वर्तमान कार्य समाप्त होने तक कार्य जारी रखना
✗ 4. स्पिल को हटाए बिना आस-पास के टूल को ले जाना

Q.105 माइक्रोमीटर के निर्माण में एन्विल (anvil) का मुख्य कार्य क्या है?

Ans ✗ 1. माप दाब को समायोजित करना
✗ 2. मुख्य स्केल रीडिंग प्रदर्शित करना
✓ 3. स्थिर माप पृष्ठ प्रदान करना
✗ 4. स्पिंडल को घुमाना

Q.106 यदि इंसुलेटर नोज (insulator nose) की लंबाई अधिक हो, तो स्पार्क प्लग की हीट रेंज पर इसका सीधा प्रभाव क्या होगा?

Ans ✓ 1. प्लग अपेक्षाकृत गर्म हो जाएगा
✗ 2. प्लग से ऊष्मा का स्थानांतरण तेजी से होगा
✗ 3. प्लग आसानी से मैला हो जाएगा
✗ 4. प्लग अपेक्षाकृत ठंडा हो जाएगा

Q.107 कार्यशील कंपन डैम्पर के बिना डीजल इंजन के प्रचालन का क्या परिणाम हो सकता है?

Ans ✗ 1. इंजेक्टर में ईंधन कणीकरण में सुधार
✗ 2. लोड के अंतर्गत दहन दक्षता में वृद्धि
✓ 3. अत्यधिक तनाव के कारण क्रैंक-शैफ्ट विफलता
✗ 4. सभी चालों पर स्थिर कैम-शैफ्ट समय

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.108 कार्यशाला मरम्मत के दौरान, कौन-सा संकेत मैनुअल ट्रांसमिशन केस में गैस्केट के विफल होने का संकेत देगा?

Ans ✗ 1. केस के अंदर से असामान्य शोर आना
✗ 2. गियर बदलते समय कंपन महसूस होना
✓ 3. केस और कवर प्लेट के बीच से तरल का रिसाव दिखना
✗ 4. गियर बदलने में कठिनाई होना

Q.109 हाइड्रोलिक तरल द्वारा गतिशील होने के बाद पिस्टन कौन-सी क्रिया करते हैं?

Ans ✓ 1. वे ब्रेक पैड के विरुद्ध गति करते हैं और उन्हें घूर्णी ब्रेक डिस्क पर दबाते हैं।
✗ 2. वे हाइड्रोलिक तरल को कुंड में वापस पंप करते हैं और वाहन को धीमा करते हैं।
✗ 3. वे ब्रेक को मुक्त करने के लिए ब्रेक पैड का पुनःभरण करते हैं।
✗ 4. वे ब्रेक डिस्क को घुमाते हैं और वाहन को धीमा करते हैं।

Q.110 निम्नलिखित में से कौन-सा SAE श्यानता ग्रेड, गर्मियों और मध्यम सर्दियों में उच्च-भार वाली परिस्थितियों में लगातार प्रचालित होने वाले हेवी-ड्यूटी डीजल इंजन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans ✗ 1. SAE 5W-20
✗ 2. SAE 40
✓ 3. SAE 15W-40
✗ 4. SAE 10W-30

Q.111 कोई विद्यार्थी यह परिकल्पना करता है कि एथेनॉल-मिश्रित गैसोलीन का उपयोग करने के लिए शुद्ध गैसोलीन की तुलना में भिन्न रससमीकरणमितीय वायु–ईंधन अनुपात की आवश्यकता होती है। कौन-सा विचार इस दावे का समर्थन करता है?

Ans ✗ 1. ईंधन की वाष्पन दर
✗ 2. गैसोलीन मिश्रण का रंग
✓ 3. ईंधन मिश्रण में ऑक्सीजन की मात्रा
✗ 4. ईंधन की ऑक्टेन रेटिंग

Q.112 बलाघूर्ण परिवर्तित्र (torque converter) के भीतर किस बिंदु पर प्रवाह को 'युग्मन बिंदु (coupling point)' कहा जाता है?

Ans ✗ 1. जिस बिंदु पर वाहन निम्न चाल पर निष्कर्मक हो जाता है
✗ 2. जिस बिंदु पर स्टेटर अपनी शैफ्ट पर लॉक हो जाता है
✓ 3. जिस बिंदु पर इम्पैलर और टरबाइन समान चाल पर पहुँच जाते हैं
✗ 4. जिस बिंदु पर इम्पैलर, टरबाइन की तुलना में अधिक तेज़ी से घूमता है

Q.113 ऑटोमोटिव वर्कशॉप में व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा फुटवियर सर्वोत्तम है?

Ans ✗ 1. सैंडल (Sandals)
✗ 2. कैनवस जूते (Canvas shoes)
✓ 3. स्टील-टो जूते (Steel-toed shoes)
✗ 4. रबर की चप्पल (Rubber slippers)

Q.114 वाहन रेचन (exhaust) का कौन-सा घटक हाइड्रोकार्बन उत्सर्जन से सर्वाधिक निकटता से संबंधित है?

Ans ✓ 1. अदग्ध ईंधन वाष्प
✗ 2. नाइट्रोजन ऑक्साइड
✗ 3. कार्बन मोनोऑक्साइड
✗ 4. अतिरिक्त जल वाष्प

Q.115 रेसिंग कारों के ब्रेक पैड (brake pad) के लिए कार्बन फाइबर प्रबलित कार्बन कंपोजिट का चयन करने का मुख्य कारण क्या है?

Ans ✗ 1. यह सभी धातुओं की तुलना में अधिक लागत प्रभावी होता है
✗ 2. यह अन्य सामग्रियों की तुलना में अधिक ईंधन दक्ष होता है
✓ 3. यह बिना किसी विफलता के चरम तापमान का वहन कर सकता है
✗ 4. यह बिना किसी विफलता के चरम दाबों का वहन कर सकता है

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.116 सिलिंडर की भित्ति के साथ घर्षण को कम करने के लिए पिस्टन पर कौन-सी विशेषता, डिज़ाइन की जाती है?

Ans
✗ 1. घर्षण को कम करने के लिए पिस्टन पर एक पिन बोर डिज़ाइन किया जाता है
✓ **2. घर्षण को कम करने के लिए पिस्टन पर स्कर्ट (skirt) डिज़ाइन किया जाता है**
✗ 3. घर्षण को कम करने के लिए पिस्टन पर एक डोम डिज़ाइन किया जाता है
✗ 4. घर्षण को कम करने के लिए पिस्टन पर खांचा (groove) डिज़ाइन किया जाता है

Q.117 ओम के नियम के अनुसार, किसी चालक में धारा किसके अनुक्रमानुपाती होती है?

Ans
✓ **1. वोल्टता**
✗ 2. प्रतिरोधकता
✗ 3. शक्ति
✗ 4. प्रतिरोध

Q.118 किसी चौराहे पर आपातकालीन वाहनों के लिए विशेष आवागमन निर्देशों को दर्शाने के लिए किस सिग्नल का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. आपातकालीन वाहन के लिए फ्लैशिंग पीले रंग के सिग्नल का उपयोग किया जाता है
✗ 2. आपातकालीन वाहनों के लिए फ्लैशिंग हरे रंग के सिग्नल का उपयोग किया जाता है
✗ 3. आपातकालीन वाहनों के लिए फ्लैशिंग लाल रंग के सिग्नल का उपयोग किया जाता है
✓ **4. आपातकालीन वाहनों के लिए फ्लैशिंग नीले रंग के सिग्नल का उपयोग किया जाता है**

Q.119 निम्नलिखित में से कौन-सा, तीव्र मोड़ के दौरान चार पहियों वाले स्टीयरिंग वाहन में ड्राइवर के अनुभव का सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. मोड़ शुरू करने के लिए अधिक प्रयास की आवश्यकता होती है
✗ 2. स्टीयरिंग इनपुट पर प्रतिक्रिया में देरी होती है
✓ **3. तीव्र रूप से स्टीयर (steer) के लिए कम प्रयास की आवश्यकता होती है**
✗ 4. तीव्र मोड़ (sharp turns) लेते समय गति अस्थिर हो जाती है

Q.120 हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की सर्विसिंग करते समय विद्युतरोधी उपकरणों का उपयोग करना क्यों महत्वपूर्ण होता है?

Ans
✓ **1. आकस्मिक विद्युत-आघात का निवारण करने के लिए**
✗ 2. इंजन वीथी में तेल अधिप्लाव का निवारण करने के लिए
✗ 3. धात्विक पुर्जों को खरोंच से बचाने के लिए
✗ 4. उपकरणों के वजन को कम करने के लिए

Q.121 चार्जिंग सिस्टम का कौन-सा भाग, बैटरी वोल्टता में होने वाले परिवर्तनों का पता लगाता है और तदनुसार आउटपुट को समायोजित करता है?

Ans
✗ 1. फ्यूज बॉक्स (Fuse box)
✓ **2. रेगुलेटर यूनिट (Regulator unit)**
✗ 3. प्रवर्तक मोटर (Starter motor)
✗ 4. प्रज्वलन कुंडली (Ignition coil)

Q.122 जब फेज़ वाइंडिंग को स्टार कॉन्फ़िगरेशन में जोड़ा जाता है, तो उभयनिष्ठ बिंदु पर क्या बनता है?

Ans
✗ 1. उभयनिष्ठ बिंदु पर एक पॉजिटिव टर्मिनल बनता है
✓ **2. उभयनिष्ठ बिंदु पर न्यूट्रल टर्मिनल बनता है**
✗ 3. उभयनिष्ठ बिंदु पर एक नेगेटिव टर्मिनल बनता है
✗ 4. एक कनेक्शन पर साझा किया गया एक विघटनकारी भू-पाश

Q.123 इंजन की किस प्रचालन स्थिति के दौरान प्रत्यावर्तित्र, बैटरी को अधिकतम विद्युत धारा की सप्लाई करता है?

Ans
✗ 1. इंजन के बंद होने पर
✗ 2. इंजन के स्टार्ट होने के दौरान
✗ 3. केवल इंजन की कार्यहीन अवस्था में
✓ **4. इंजन की उच्चतर स्पीड पर**

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.124 आधुनिक यात्री वाहनों में इसके स्थायित्व और हैंडलिंग के लिए सबसे अधिक किस प्रकार के निर्माण का उपयोग किया जाता है?

Ans ✗ 1. सॉलिड रबर निर्माण (Solid rubber construction)
✓ 2. रेडियल प्लाई निर्माण (Radial ply construction)
✗ 3. ट्यूबलेस निर्माण (Tubeless construction)
✗ 4. बायस प्लाई निर्माण (Bias ply construction)

Q.125 पुनः परिसंचरणीय बॉल और नट सिस्टम में, कौन-सा घटक सीधे अग्र पहियों तक संचलन को संचरित करता है?

Ans ✗ 1. बॉल नट (ball nut) अग्र पहियों को संचलन संचरित करता है
✗ 2. वर्म (worm) अग्र पहियों को संचलन संचरित करता है
✓ 3. ड्रॉप आर्म (drop arm) अग्र पहियों को संचलन संचरित करता है
✗ 4. सेक्टर (sector) अग्र पहियों को संचलन संचरित करता है

Q.126 मैनुअल ट्रांसमिशन में गियर अनुपात को विशिष्ट अनुक्रम में क्यों व्यवस्थित किया जाता है?

Ans ✗ 1. गियर बदलते समय ड्राइवर को उलझन में डालने के लिए
✗ 2. सभी चालों पर इंजन के रव को अधिकतम करने के लिए
✗ 3. वाहन की ईंधन टैंक क्षमता को कम करने के लिए
✓ 4. सुचारू त्वरण और कुशल चाल नियंत्रण प्रदान करने के लिए

Q.127 सही ईंधन अतःक्षेपण सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा पुर्जा, प्रवर्तकों (actuators) के साथ मिलकर कार्य करता है?

Ans ✗ 1. गियर लीवर हैंडल (Gear lever handle)
✗ 2. एयर फिल्टर असेंबली (Air filter assembly)
✓ 3. इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (Electronic Control Unit - ECU)
✗ 4. रेडिएटर फैन ब्लेड (Radiator fan blade)

Q.128 एक परिशुद्ध टैपिंग जॉब के दौरान, ऑपरेटर देखता है कि टैप, रिंच के भीतर फिसल रहा है। समायोज्य टैप रिंच का उपयोग करके इसे ठीक करने के लिए कौन-सी सुधारात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए?

Ans ✓ 1. टैप को रिंच में दृढ़ता से कसने के लिए जॉ को पुनः कसना
✗ 2. प्रचालन के लिए स्थिर टैप रिंच का उपयोग करना
✗ 3. टैप को समान आकार के नए टैप से बदलना
✗ 4. टैप टर्निंग के समय अधिक बल आरोपित करना

Q.129 किसी सामान्य इमोबिलाइज़र तंत्र में अधिकृत एक्सेस को सत्यापित करने के लिए किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans ✓ 1. कोडित इलेक्ट्रॉनिक कुंजी या फ़ोब (Coded electronic key or fob)
✗ 2. मैनुअल विंडो क्रैंक हैंडल (Manual window crank handle)
✗ 3. मानक धातु इग्निशन कुंजी (Standard metal ignition key)
✗ 4. इंजन ऑयल मज्ज-छड़ (Engine oil dipstick)

Q.130 एक चपटी छेनी (flat chisel) की बॉडी को कर्तन कोर की ओर थोड़ा टेपर (Taper) क्यों रखा जाता है?

Ans ✗ 1. स्ट्राइकन बल को बढ़ाने के लिए
✓ 2. वर्कपीस में चिपकने से रोकने के लिए
✗ 3. स्ट्राइकन सतह को जोड़ने के लिए
✗ 4. हाथ की पकड़ प्रदान करने के लिए

Q.131 मैनुअल समायोज्य-दर प्रघात अवशोषक में तेल के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए कौन-सी विशेषता को बदला जा सकता है?

Ans ✓ 1. पिस्टन में वाल्व की स्थिति
✗ 2. अंतर्वर्ती स्प्रिंग का आमाप
✗ 3. पिस्टन हेड की आकृति
✗ 4. प्रयुक्त तेल की मात्रा

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.132 स्वच्छ डीजल रेचन प्रणाली में कौन-सा डिवाइस रासायनिक रूप से NO_X प्रदूषकों को कम करने के लिए उत्तरदायी है?

Ans ✗ 1. टर्बोचार्जर असेंबली (Turbocharger assembly)
✓ 2. यूरिया इंजेक्शन प्रणाली (Urea injection system)
✗ 3. एयर फिल्टर डिवाइस (Air filter device)
✗ 4. डीजल ऑक्सीकरण उत्प्रेरक (Diesel oxidation catalyst)

Q.133 सामान्यतः उपयोग की जाने वाली निम्नलिखित कार्यशाला सामग्रियों में से कौन-सी सामग्री सबसे हल्की है?

Ans ✗ 1. स्टील छड़
✗ 2. आयरन छड़
✗ 3. कॉपर छड़
✓ 4. ऐलुमिनियम छड़

Q.134 ध्वनि अवशोषण दक्षता को अधिकतम करने के लिए अवशोषक मफलरों में पैकिंग सामग्री के लिए कौन-सा सामग्री गुण सबसे महत्वपूर्ण होता है?

Ans ✗ 1. मध्यम पृष्ठीय कठोरता
✓ 2. उच्च सरंध्रता और उष्मीय स्थायित्व
✗ 3. उच्च विद्युत चालकता
✗ 4. निम्न घनत्व और जल प्रतिरोध

Q.135 मैनुअल ट्रांसमिशन से लैस डीजल इंजन को स्टार्ट करने के लिए फ्लाईव्हील क्यों आवश्यक है?

Ans ✗ 1. क्योंकि यह प्रारंभिक चक्रों के दौरान इंजन के तेल को ठंडा करता है
✗ 2. क्योंकि यह ग्लो प्लग को विद्युत धारा की आपूर्ति करता है
✗ 3. क्योंकि यह इंजेक्टर के लिए ईंधन दाब उत्पन्न करता है
✓ 4. क्योंकि यह क्रैंकिंग के दौरान इंजन के आसान घूर्णन के लिए जड़त्व प्रदान करता है

Q.136 निम्नलिखित में से कौन-सा, इंजन की निम्न शक्ति उत्पादन का संभावित कारण है?

Ans ✗ 1. सम्प में निम्न तेल स्तर
✗ 2. इंजन ऑयल की निम्न श्यानता
✗ 3. इंजन ऑयल की उच्च श्यानता
✓ 4. दोषपूर्ण इंजेक्टर

Q.137 जल-शीतित डीजल इंजन के रेडिएटर तंत्र में इंजन की अतिरिक्त ऊष्मा के निष्कासन के लिए ऊष्मा अंतरण की कौन-सी विधि सबसे अधिक उत्तरदायी होती है?

Ans ✗ 1. इंजन के पृष्ठों से विकिरण
✓ 2. रेडिएटर ट्यूबों के माध्यम से शीतलक का संवहन
✗ 3. इंजन ब्लॉक के माध्यम से ऊष्मा का चालन
✗ 4. इंजन ब्लॉक के माध्यम से वायु चालन

Q.138 आंतरिक दहन इंजन, स्टार्ट-अप (start-up) के संदर्भ में कौन-सा लाभ प्रदान करते हैं?

Ans ✗ 1. आंतरिक दहन इंजन बिना संपीडन प्रक्रम के स्टार्ट हो जाते हैं
✗ 2. आंतरिक दहन इंजन का स्टार्ट-अप काल मंद होता है
✓ 3. आंतरिक दहन इंजनों का त्वरित स्टार्ट-अप काल होता है
✗ 4. आंतरिक दहन इंजन बिना क्रेंकिंग के स्टार्ट हो जाते हैं

Q.139 थर्मोस्टैटिक प्रसार वाल्व में समायोजन स्प्रिंग की क्या भूमिका होती है?

Ans ✗ 1. प्रशीतक का निस्यंदन करना
✗ 2. प्रशीतक ऊष्मा को सेंस करना
✗ 3. दाब प्रेषित करना
✓ 4. अधिऊष्मा मान को सेट करना

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.140 ऑयल सम्प (oil sump) में यदि तेल के साथ पानी मिश्रित हो जाए और इंजन चालू न हो, तो क्या किया जाना चाहिए?

Ans
✗ 1. पिटेड वॉल्व सीट की मरम्मत करना
✓ 2. संविदारित सिलिंडर हेड गैस्केट को प्रतिस्थापित करना
✗ 3. रेचन पोर्ट साफ करना
✗ 4. क्रेक्ड वॉल्व सीट को प्रतिस्थापित करना

Q.141 कार्यशाला अभ्यास में परिशुद्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाजक (divider) का उपयोग करने से पूर्व क्या जांच करनी चाहिए?

Ans
✗ 1. विभाजक भारी है
✗ 2. विभाजक का रंग
✗ 3. पृष्ठ परिसज्जा चमकदार है
✓ 4. दोनों पाद समान लंबाई के हैं

Q.142 नायलॉन या रेयॉन डोरियों का उपयोग टायरों में शैथिल्य को कम करने में किस प्रकार योगदान देता है?

Ans
✓ 1. वे लचीलापन प्रदान करते हैं और शीघ्र रिकवर हो जाते हैं
✗ 2. वे टायर को कठोर और दृढ़कारी बनाते हैं
✗ 3. वे टायर के कुल वजन में वृद्धि करते हैं
✗ 4. वे गीली सड़कों पर टायर की पकड़ को कम कर देते हैं

Q.143 वाहन के स्टीयरिंग तंत्र में कुंडलिनी-गियर (helical gears) का उपयोग करने का व्यावहारिक प्रभाव क्या होता है?

Ans
✓ 1. स्टीयरिंग अधिक सुगम हो जाता है और इसमें कम कंपन होता है
✗ 2. स्टीयरिंग पहियों पर कम बल आरोपित करता है
✗ 3. स्टीयरिंग भारी हो जाता है और इसमें कम कंपन होता है
✗ 4. स्टीयरिंग को घुमाना कठिन हो जाता है

Q.144 मोटर वाहन ईंधन प्रणाली में गैसोलीन की वाष्पशीलता का प्राथमिक प्रयोजन क्या है?

Ans
✓ 1. प्रज्वलन के लिए तीव्र वाष्पीकरण सुनिश्चित करना
✗ 2. ऑक्टेन निर्धार में प्रत्यक्ष रूप से वृद्धि करना
✗ 3. धात्विक पुर्जों में संक्षारण का निवारण करना
✗ 4. स्वचालित रूप से रेचन उत्सर्जन को कम करना

Q.145 कार्यशाला की वायु में उच्च आर्द्रता, वाहन के पृष्ठों पर पेंट के शुष्कन को किस प्रकार से प्रभावित करती है?

Ans
✗ 1. इसके कारण तुरंत जंग लग जाती है
✓ 2. इसके कारण शुष्कन प्रक्रिया मंद हो जाती है
✗ 3. इसके कारण शुष्कन प्रक्रिया तीव्र हो जाती है
✗ 4. इसके कारण पेंट का रंग तुरंत परिवर्तित हो जाता है

Q.146 वर्नियर कैलिपर में वर्नियर पैमाने के विभाजन मुख्य पैमाने के विभाजनों से थोड़े भिन्न क्यों बनाए जाते हैं?

Ans
✓ 1. विशिष्ट बिंदुओं पर मुख्य पैमाने के विभाजन के साथ वर्नियर विभाजन का परिशुद्ध मिलान करने के लिए
✗ 2. वर्नियर पैमाना सदैव मुख्य पैमाने से छोटा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए
✗ 3. वर्नियर पैमाने के विभाजनों को मुख्य पैमाने के विभाजनों के समरूप बनाने के लिए
✗ 4. वर्नियर पैमाने के विभाजनों को मुख्य पैमाने के विभाजनों से दोगुना बड़ा बनाने के लिए

Q.147 जब शीतलन प्रणाली के भीतर दाब में वृद्धि होती है, तो शीतलक के क्वथनांक पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
✗ 1. शीतलक के क्वथनांक में कमी होती है
✗ 2. शीतलक के क्वथनांक में उतार-चढ़ाव होता है
✗ 3. शीतलक का क्वथनांक अपरिवर्तित रहता है
✓ 4. शीतलक के क्वथनांक में वृद्धि होती है

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.148 किसी वाहन का थर्मोस्टेट अनियमित रूप से कार्य कर रहा है, जिससे अतितापन होता है। इस स्थिति में क्या किया जाना चाहिए?

Ans ✓ 1. थर्मोस्टेट को बदलें

✗ 2. जल पंप को बदलें

✗ 3. रेडिएटर शटर को खोलें

✗ 4. थर्मोस्टेट की मरम्मत करें

Q.149 कॉन्टैक्ट ब्रेकर बिंदु पृथक होने के बाद कंडेंसर ज्वलन कुंडली की सहायता कैसे करता है?

Ans ✗ 1. यह स्फुलिंग प्लग को सीधे फायर करने के लिए ट्रिगर करता है

✗ 2. यह प्राथमिक परिपथ में धारा को धीमा कर देता है

✓ 3. यह द्वितीयक कुंडलन के माध्यम से उच्च वोल्टता सर्ज को सक्षम करता है

✗ 4. यह प्राथमिक कुंडलन के माध्यम से उच्च वोल्टता सर्ज को सक्षम बनाता है

Q.150 किसी विद्युत चुंबकीय मंदक में भंवर धाराओं की क्या भूमिका है?

Ans ✗ 1. स्टेटर में स्थिर चुंबकीय क्षेत्र बनाए रखना

✗ 2. प्रत्यक्ष भौतिक संपर्क के माध्यम से चुंबकीय कर्षण उत्पन्न करना

✓ 3. भौतिक संपर्क के बिना चुंबकीय कर्षण उत्पन्न करना

✗ 4. वाहन के ब्रेकों को लॉक करने के लिए ऊष्मीय ऊर्जा उत्पन्न करना

Q.151 वर्कशॉप में काम करते समय किसी टेक्नीशियन को मशीन से बने स्लॉट के त्वरित अनुमानित मापन की आवश्यकता होती है। कौन-सा कार्य स्टील रूल के उपयोग को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करता है?

Ans ✓ 1. दी गई विमा के अनुसार स्लॉट की चौड़ाई की जाँच करना

✗ 2. बेलनाकार पार्ट के आंतरिक बोर आकारों की तुलना करना

✗ 3. धातु के पृष्ठों पर सीधी लेआउट लाइनें गाइड करना

✗ 4. स्लॉट के किनारों के पास संदर्भ स्थान मार्क करना

Q.152 यदि रिजिड नॉन-ड्राइव रियर सस्पेंशन (rigid non drive rear suspension) में अत्यधिक पार्श्व चेसिस संचलन होता है, तो निम्नलिखित में से किस घटक के सबसे अधिक घिसे होने या विफल होने की संभावना होती है?

Ans ✗ 1. शॉक एब्जॉर्बर (Shock absorber)

✗ 2. अपर कंट्रोल आर्म (Upper control arm)

✓ 3. ट्रैकिंग बार (Tracking bar)

✗ 4. कॉइल स्प्रिंग (Coil spring)

Q.153 एक खराद मशीन (Lathe machine) एक नियत दर पर कार्य करती है। यह इसके शक्ति आउटपुट (Power output) के बारे में क्या इंगित करता है?

Ans ✗ 1. शक्ति आउटपुट बढ़ रहा है

✗ 2. शक्ति आउटपुट शून्य है

✗ 3. शक्ति आउटपुट घट रहा है

✓ 4. शक्ति आउटपुट नियत है

Q.154 यदि किसी चालक की लंबाई दोगुनी कर दी जाती है जबकि अन्य कारक अपरिवर्ती रखे जाते हैं, तो उसके प्रतिरोध पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans ✗ 1. अपरिवर्ती बना रहेगा

✗ 2. शून्य हो जाएगा

✓ 3. दोगुना हो जाएगा

✗ 4. आधा हो जाएगा

Q.155 यदि किसी तकनीशियन से यह आकलन करने के लिए कहा जाए कि वाहन पूर्णतः रिचार्ज या रिफ्यूल के बाद कितनी दूरी तय कर सकता है, तो इस मान का वर्णन करने के लिए प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

Ans ✗ 1. फ्यूल इकोनॉमी

✓ 2. ड्राइविंग रेंज

✗ 3. चार्ज टाइम

✗ 4. हॉर्सपावर

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.156 ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग ड्रॉइंग में एक साधारण ज़िग-ज़ैग रेखा सामान्यतः क्या संकेत देती है?

Ans ✗ 1. परिपथ में बल्ब
✗ 2. परिपथ में फ्यूज
✓ **3. परिपथ में प्रतिरोधक**
✗ 4. परिपथ में हॉर्न

Q.157 रुको और चलो ड्राइविंग स्थितियों में ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन वाले वाहन में बलाघूर्ण परिवर्तित्र की आवश्यकता क्यों होती है?

Ans ✗ 1. इंजन को सीधे पहियों से लॉक करने के लिए
✗ 2. रुकने के दौरान ब्रेकिंग बल में वृद्धि करने के लिए
✗ 3. ट्रांसमिशन तरल की आवश्यकता को समाप्त करने के लिए
✓ **4. निम्न चाल पर सुचारू इंजन पावर ट्रांसमिशन के लिए**

Q.158 इंजन चक्र के किस स्ट्रोक के दौरान नाइट्रोजन ऑक्साइड उच्चतम मात्रा में उत्पन्न होती है?

Ans ✓ **1. पावर स्ट्रोक (Power stroke)**
✗ 2. रेचन स्ट्रोक (Exhaust stroke)
✗ 3. अन्तर्ग्रहण स्ट्रोक (Intake stroke)
✗ 4. संपीडन स्ट्रोक (Compression stroke)

Q.159 उचित ढंग से सील किया गया गैस्केट, मैनुअल संचरण के आयुकाल और देखभाल में किस प्रकार सुधार कर सकता है?

Ans ✗ 1. गियर शिफ्टिंग को सिंक्रोनाइज़ करता है
✗ 2. बार-बार बदलने की आवश्यकता होती है
✗ 3. समय के साथ गियर के निघर्षण को बढ़ाता है
✓ **4. लीक की रोकथाम करके अनुरक्षण को कम करता है**

Q.160 इंजीनियरिंग ड्राइंग पर, दो समांतर रेखाओं वाला वृत्त सामान्यतः क्या दर्शाता है?

Ans ✗ 1. फ्यूज
✗ 2. जंक्शन बॉक्स
✓ **3. बॉल बेयरिंग**
✗ 4. ग्राउंड कनेक्शन

Q.161 हाइड्रोलिक पावर पैक (hydraulic power pack) में उपयोग किए जाने पर, आंतरिक गियर पंपों को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि वे ____________________।

Ans ✗ 1. हौज में तेल से वायु को पृथक करते हैं
✓ **2. प्रवर्तक नियंत्रण के लिए निरंतर प्रवाह प्रदान करते हैं**
✗ 3. पैक के माध्यम से शीतलक को कुशलतापूर्वक परिसंचरित करते हैं
✗ 4. अत्यधिक उच्च दाब पर कणों को निस्यंदित करते हैं

Q.162 निम्नलिखित में से किस पिस्टन पिन विन्यास के लिए सामान्यतः न्यूनतम थ्रस्ट वॉशर की आवश्यकता होती है?

Ans ✗ 1. टेपर पिन प्रकार (Taper pin type)
✗ 2. फिक्स्ड पिन प्रकार (Fixed pin type)
✓ **3. सर्क्लिप के साथ पूर्णतया फ्लोटिंग (Fully floating with circlips)**
✗ 4. सेमी-फ्लोटिंग क्लैम्प्ड रॉड प्रकार (Semi-floating clamped rod type)

Q.163 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता एक भारी लोड वाले वाहन को हल्के लोड वाले वाहन से विभेदित करती है?

Ans ✓ **1. उच्च पेलोड क्षमता**
✗ 2. हेडलाइट
✗ 3. वायुगतिक आकृति
✗ 4. स्टीयरिंग व्हील

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.164 इलेक्ट्रिक वाहन में कौन-सा घटक, नोदन (propulsion) के लिए विद्युत ऊर्जा संग्रहित करता है?

Ans ✗ 1. फ्यूल टैंक सेट
✗ 2. आल्टर्नेटर यूनिट
✓ 3. बैटरी पैक
✗ 4. कार्बोरेटर सेट

Q.165 इलेक्ट्रॉनिक फ्यूल इंजेक्शन (EFI) तंत्र, ईंधन का उपयोग करने वाले अतिचालन इंजन को किस प्रकार से सुरक्षित रखता है?

Ans ✗ 1. ईंधन पंप वोल्टता को निम्न करके
✓ 2. ईंधन इंजेक्शन को अस्थायी रूप से बंद करके
✗ 3. तत्काल त्वरण का निर्माण करके
✗ 4. दहन को त्वरित करके

Q.166 सही आंतरिक चूड़ी (thread) का आकार प्राप्त करने के लिए इंच टैप का उपयोग करने से पहले कौन-सा चरण आवश्यक है?

Ans ✓ 1. टैप के लिए सही आकार का छिद्र ड्रिल करना
✗ 2. टैप के आकार का परीक्षण करने के लिए डाई का उपयोग करना
✗ 3. उपयोग से पहले टैप पर स्नेहक अप्लाई करना
✗ 4. केंद्र को प्रिक पंच से मार्क करना

Q.167 जब वाहन किसी उभार या गड्ढे के ऊपर से गुजरता है, तो शैकल किस प्रकार संचलन दर्शाता है?

Ans ✗ 1. यह स्प्रिंग के दीर्घीकरण को समायोजित करने के लिए एक स्थिति में स्थिर रहता है
✗ 2. यह स्प्रिंग के दीर्घीकरण को समायोजित करने के लिए आगे की ओर संचलन करता है
✓ 3. यह स्प्रिंग के दीर्घीकरण को समायोजित करने के लिए पीछे की ओर संचलन करता है
✗ 4. यह धुरी को आलंब प्रदान करने के लिए ऊर्ध्वाधर रूप से संचलन करता है

Q.168 यदि कार्यशाला के फर्श पर गलती से ईंधन छलक कर गिर जाए, तो सही कार्रवाई क्या होनी चाहिए?

Ans ✗ 1. ईंधन को साफ करने से पहले प्राकृतिक रूप से सूखने देना
✓ 2. ईंधन को अवशोषित करना और क्षेत्र को तुरंत वाइप करना
✗ 3. क्षेत्र को कवर करना और सामान्य कार्यशाला गतिविधि जारी रखना
✗ 4. प्रवाही जल का उपयोग करके क्षेत्र को अच्छी तरह से फ्लश करना

Q.169 एक परिनलिका एक्च्यूएटर (solenoid actuator), विद्युत ऊर्जा को किसमें रूपांतरित करता है?

Ans ✗ 1. रासायनिक ऊर्जा
✗ 2. ऊष्मीय रोधन
✓ 3. रैखिक चुंबकीय एक्च्यूएशन
✗ 4. प्रकाशीय ऊर्जा

Q.170 डीजल इंजन स्नेहन प्रणाली में तेल दाब मोचन वाल्व का मुख्य कार्य क्या होता है?

Ans ✗ 1. प्रचालन के दौरान यह इंजन के तेल को ठंडा करता है
✗ 2. यदि दाब उच्च होता है तो यह तेल के प्रवाह को पूरी तरह से अवरुद्ध कर देता है
✗ 3. यह तेल से संदूषकों को फिल्टर करता है
✓ 4. यह प्रणाली में तेल के अधिकतम दाब को सीमित कर देता है

Q.171 शीत प्रवर्तन परिस्थिति के दौरान, EFI वायरिंग प्रणाली में कौन-सा घटक प्रभावी कणन अभिलक्षणों के लिए उत्तरदायी है?

Ans ✓ 1. शीत प्रवर्तन वाल्व
✗ 2. ईंधन नियामक
✗ 3. सर्पिल कुंडली स्प्रिंग
✗ 4. वायु प्रवाह सेंसर

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.172 इंजन स्टार्ट होने के बाद स्टार्टर मोटर का फ्लाईव्हील से अलग होना क्यों आवश्यक है?

Ans
✓ 1. स्टार्टर और फ्लाईव्हील की क्षति को रोकने के लिए
✗ 2. प्रज्वलन समय को स्वचालित रूप से समायोजित करने के लिए
✗ 3. ड्राइविंग के दौरान ईंधन दक्षता में सुधार करने के लिए
✗ 4. प्रचालन के दौरान बैटरी-लाइफ में वृद्धि करने के लिए

Q.173 एक हाइड्रोलिक प्रणाली को भारी लोड उठाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन पश्च-प्रवाह को रोकने के लिए तरल के केवल एक दिशा में प्रवाहित होने की आवश्यकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा अनुप्रयोग अनिवर्ती वाल्व का सबसे उचित रूप से उपयोग करता है?

Ans
✓ 1. तरल के उत्क्रम प्रवाह को रोकने के लिए पंप निस्सरण लाइन में अनिवर्ती वॉल्व इन्सर्ट करना
✗ 2. दाब बढ़ाने हेतु सिस्टम इनलेट लाइन में अनिवर्ती वॉल्व स्थापित करना
✗ 3. प्रवाह विनियमन के लिए कंट्रोल वॉल्व लाइन में अनिवर्ती वॉल्व माउंट करना
✗ 4. तरल की दिशा के लिए रिज़र्वॉयर रिटर्न लाइन में अनिवर्ती वॉल्व फिट करना

Q.174 कौन-सा परिदृश्य शून्य कार्य होने की स्थिति का सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. एक ट्रॉली को फर्श पर धकेलना
✗ 2. लोड उठाने के लिए रस्सी खींचना
✓ 3. किसी निलंबित भार को बिना हिलाए पकड़े रहना
✗ 4. डिब्बा उठाकर मेज पर रखना

Q.175 अधिकांश वाहनों में, हेडलाइट रिले सामान्यतः कहां स्थित होती है?

Ans
✓ 1. हुड के नीचे फ्यूज बॉक्स में
✗ 2. हेडलाइट हाउसिंग पर लगी होती है
✗ 3. ग्लव बॉक्स के अंदर
✗ 4. बैटरी टर्मिनल से जुड़ी होती है

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play